संपादकीय

सनी हिन्दुस्तानीः छुपी हुई प्रतिभा

देश के सबसे चर्चित सिंगिंग-बेस्ड टीवी रियल्टी शो के हालिया सीजन के विजेता सनी हिंदुस्तानी पंजाब के बेहद गरीब, मेहनतकश परिवार से आते हैं। बठिंडा के सनी इंडियन आइडल में भाग लेने से पहले तक बूट पॉलिश किया करते थे। उनके दिवंगत पिता भी यही काम करते थे, जबकि मां घूम-घूम कर गुब्बारे बेचती रही हैं। कई बार उनके सामने दूसरे घरों से मांगकर खाना पकाने की नौबत आ जाती थी। और अपनी कमजोर पृष्ठभूमि के बावजूद यह करिश्मा कर दिखाने वाले सनी हिंदुस्तानी कोई पहले इंसान नहीं हैं।

इसी शो का पिछला सीजन जीतने वाले मेवात के सलमान अली के घर का हाल भी कमोबेश ऐसा ही था। जब भी सलमान का कार्य म आता, उसे देखने के लिए उनके परिवार के लोग पड़ोसियों के घर चले जाते थे, क्योंकि उनके पास टीवी नहीं था। इतने कमजोर तबकों के नौजवानों का गीत-संगीत की दुनिया में इस तरह छा जाने को एक नई परिघटना के रूप में देखा जा रहा है।

सिलेब्रिटीज के दायरे में कमजोर लोगों के लिए स्पेस बनना इसका एक पहलू है। ज्यादा बड़ी बात यह कि साधारण से साधारण व्यक्ति में भी भागीदारी का भाव पैदा हुआ है। सिस्टम में उसे अपने लिए थोड़ी गुंजाइश दिखने लगी है। किसी भी क्षेत्र को अब वह यह सोचकर नहीं छोड़ देता कि उसमें औरों से मुकाबला करना उसके बूते से बाहर है।

टीवी की चकाचौंध में किसी एक का चोटी पर पहुंचना हजारों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। मेडिकल, इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट जैसे क्षेत्रों में गरीब कम पहुंच रहे हैं। शायद इसलिए कि वहां तक पहुंचने का रास्ता महंगे स्कूलों और कोचिंग से होकर गुजरता है और सुपर थर्टी के आनंद कुमार हर जगह तो हैं नहीं। लेकिन जिन क्षेत्रों में कुदरती प्रतिभा की आवश्यकता पड़ती है, वहां कमजोर से कमजोर वर्ग के लोग आगे आ रहे हैं। संगीत और खेल इनमें प्रमुख हैं। इन पर भी हाल तक समाज के संपन्न वर्ग का ही कब्जा रहा है लेकिन जब अवसरों की बहुतायत हुई और खासकर खेल में विश्व स्तर पर मुकाबला करने की ललक देश में पैदा हुई तो प्रतिभाओं को महत्व मिलना शुरू हो गया। अभी जोर नतीजे पर है, बैकग्राउंड पर नहीं। यही वजह है कि कुछेक खेलों में कमजोर दायरे के लोगों के आने का सिलसिला तेज हो गया है। अंडर-19 क्रिकेटरों में गोलगप्पे बेचकर कोचिंग लेने वाले यशस्वी जायसवाल की चर्चा महान क्रिकेटर सचिन तेंडुलकर के बेटे अर्जुन तेंडुलकर से ज्यादा हो रही है। महिला क्रिकेटर पूनम राउत एक ड्राइवर की बेटी हैं। एशियाई खेलों में हेप्टाथलन का स्वर्ण जीतने वाली स्वप्ना बर्मन के पिता पंचानन रिक्शा चलाते थे और मां चाय बागान में मजदूरी करती थीं। यूथ ओलिंपिक में जूडो का सिल्वर जीतने वाली थांगजाम तबाबी देवी के पिता दिहाड़ी मजदूर हैं और मां मछली बेचती हैं। जरूरत हर क्षेत्र में, हर स्तर पर चयन प्रक्रिया को समतापूर्ण बनाने की है।

क्रिकेट में कम बैक की तैयारी प्रैक्टिस करते दिखे एमएस धोनी

नई दिल्ली। पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी एक बार फिर रांची के जेएससीए स्टेडियम में प्रैक्टिस करने उतरे। उन्होंने स्थानीय क्रिकेटर्स के साथ नेट्स पर पसीना बहाया। पिछले साल जुलाई में इंग्लैंड में वर्ल्ड कप का मैच खेलने के बाद से धोनी के भविष्य को लेकर कयास लगते रहे हैं।

हालांकि, धोनी ने आधिकारिक तौर पर अपनी ओर से कोई बयान नहीं दिया है। धोनी ने पिछले साल नवंबर में कहा था कि उनके फ्यूचर प्लान को जानने के लिए जनवरी तक का इंतजार करें। धोनी ने जनवरी में रांची में ही झारखंड रणजी टीम के साथ एक दिन अभ्यास किया था।

यह दूसरी बार है कि वह नेट्स पर पहुंचे। इस बीच चेन्नै सुपर किंग्स ने आधिकारिक तौर पर पुष्टि की है कि धोनी 1 मार्च से चेन्नै में होंगे और आईपीएल की अपनी टीम के साथ अभ्यास करेंगे। इस बार वह चेन्नै सुपर किंग्स को चौथी बार चैंपियन बनाने के लिए कमर कसेंगे। पिछली बार धोनी की टीम टूर्नामेंट के फाइनल में सिर्फ 1 रन से यह खिताब चूक गई थी और मुंबई इंडियंस चैंपिनय बनी थी। इस बार टूर्नामेंट का पहला मैच मुंबई इंडियंस और चेन्नै सुपर किंग्स के बीच वानखेड़े में ही खेला जाएगा।

आर्थिक वृद्धि दर अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 4.5 प्रतिशत रहने का अनुमानः एसबीआई

मुंबई (आरएनएस)। देश की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष में अक्टूबर-दिसंबर के दौरान 4.5 प्रतिशत पर स्थिर रहने का अनुमान है। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के अर्थशास्त्रियों ने आधिकारिक आंकड़े आने से दो दिन पहले बुधवार को यह अनुमान जताया। उनका यह भी कहना है कि देश के समक्ष आर्थिक रूप से कोरोना वायरस से प्रभावित होने का जोखिम है। इसका कारण विभिन्न वस्तुओं के लिये चीनी आयात पर उच्च निर्भरता है। केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने 2019-20 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर 5 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है जो 11 साल का न्यूनतम स्तर है। इसका मुख्य कारण घरेलू खपत में गिरावट और वैश्विक बाजारों में नरमी है जिसका असर देश के निर्यात पर पड़ा है। आर्थिक वृद्धि में नरमी को देखते हुए नीति निर्माताओं ने कई कदम उठाये हैं। इसमें 2019 में रिजर्व बैंक द्वारा संचयी रूप से नीतिगत दर में 1.35 प्रतिशत की कटौती और कंपनी कर में उल्लेखनीय कमी शामिल हैं। एसबीआई के अर्थशास्त्रियों ने वित्त वर्ष 2019-20 के लिये आर्थिक वृद्धि के अनुमान को संशोधित कर 4.7 प्रतिशत कर दिया जबकि पूर्व में इसके 4.6 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया था।

कोरोना वायरस का खौफ, रद्द हो जाएगा टोक्यो ओलिंपिक 2020

नईदिल्ली। कोरोना वायरस का खतरा अभी कम नहीं हुआ है। इस बीच, टोक्यो ओलिंपिक 2020 को लेकर बड़ी खबर आई है। इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी के एक सदस्य के हवाले से बताया गया है कि यदि मई के आखिरी तक कोरोना वायरस पर कंट्रोल नहीं पाया गया तो जापान के टोक्यो में होने वाले ओलिंपिक गेम्स रद्द कर दिए जाएंगे। अधिकारी ने साफ किया कि इस स्थिति में टोक्यो ओलिंपिक 2020 की न तो तारीख बदली जाएगी, ना ही किसी अन्य देश में करवाए जाएंगे। बता दें, ये ओलिंपिक गेम्स 24 जुलाई से शुरू होकर 9 अगस्त को खत्म होने हैं। कोरोना वायरस के कारण चीन में मुक्केबाजी और बैडमिंटन की ओलिंपिक चालीफाइंग स्पर्धाएं पहले ही रद्द की जा चुकी हैं। इससे पहले टोक्यो ओलिंपिक खेल 2020 के सीईए तोशिरो मुटो से कोरोना वायरस के प्रभावों से निपटने के इंतजामों को लेकर तैयारियों के बारे में बताया था हमें उम्मीद है कि चीन में जल्द ही इसका निपटारा कर लिया जाएगा।

विराट कोहली ने गंवाया नंबर एक ताज, स्मिथ फिर बने नंबर 1

दुबई। भारतीय कप्तान विराट कोहली ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वेलिंगटन में पहले क्रिकेट टेस्ट में अपने निराशाजनक प्रदर्शन से आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में अपना नंबर एक ताज गंवा दिया है जबकि ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज स्टीवन स्मिथ फिर से नंबर एक की कुर्सी पर विराजमान हो गए हैं।

विराट ने हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में बल्लेबाजी में खराब प्रदर्शन किया था। उन्होंने वेलिंगटन टेस्ट की पहली पारी में दो और दूसरी पारी में 19 रन बनाए थे जिसका खामियाजा उन्हें अपनी नंबर एक रैंकिंग गंवाने के साथ भुगतना पड़ा। विराट को इस प्रदर्शन से 22 रेटिंग अंकों का नुकसान हुआ और वह 928 अंकों से 906 अंकों पर खिसक आए। स्मिथ के 911 अंक हैं और उन्होंने टेस्ट में नंबर एक रैंकिंग हासिल कर ली है। हालांकि विराट और स्मिथ के बीच महज पांच अंकों का फासला है और विराट के पास दूसरे टेस्ट में बेहतर प्रदर्शन कर दोबारा नंबर एक स्थान हासिल करने का मौका रहेगा। न्यूजीलैंड कप्तान केन विलियम्सन को भारत के खिलाफ पहले टेस्ट में पहली पारी में 89 रन की पारी खेलने का फायदा मिला और उन्होंने एक स्थान की छलांग लगाकर ऑस्ट्रेलिया के मार्नस लाबुशेन को पीछे छोड़ तीसरा स्थान हासिल किया। विलियम्सन के 853 लाबुशेन के 827 रेटिंग अंक हैं।भारतीय टेस्ट टीम के उपकप्तान अजिंक्या रहाणे ने एक स्थान का सुधार किया।

चांदी का वायदा भाव टूटा

नयी दिल्ली (आरएनएस)। कमजोर वैश्विक रुख के बीच कारोबारियों द्वारा अपने सौदों का आकार घटाने से बुधवार को चांदी का वायदा भाव 499 रुपये टूटकर 47,680 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में चांदी का मई अनुबंध 499 रुपये या 1.04 प्रतिशत के नुकसान से 47,680 रुपये प्रति किलोग्राम रह गया। इसमें 696 लॉट का कारोबार हुआ। इसी तरह चांदी का मार्च आपूर्ति का अनुबंध 486 रुपये या 1.02 प्रतिशत के नुकसान से 47,081 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गया। इसमें 4,468 लॉट का कारोबार हुआ। अंतरराष्ट्रीय बाजार, न्यूयॉर्क में चांदी 0.78 प्रतिशत के नुकसान से 18.13 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी।

एटीएम से अब निकलते हैं 2000 के नोट से ज्यादा 500 के नोट

नयी दिल्ली (आरएनएस)। बैंकों के एटीएम से अब 2,000 के बजाय 500 के नोट अधिक निकल रहे हैं। माना जा रहा है कि 2,000 के नोट को धीरे-धीरे हटाने की तैयारी है।

भारतीय रिजर्व बैंक ने पिछले साल सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत मांगी गई जानकारी के जवाब में कहा था कि केंद्रीय बैंक ने 2,000 के नोट की छपाई बंद कर दी है। सूत्रों ने बुधवार को कहा कि वित्त मंत्रालय की ओर से इस बारे में कोई निर्देश नहीं है। बैंक ने खुद ही अपने एटीएम में छोटे नोट डालना शुरू कर दिया है, जिससे ग्राहकों को सुविधा हो। कुछ बैंकों ने अपने एटीएम को छोटे नोटों के हिसाब से समायोजित करना शुरू कर दिया। कुछ और बैंक भी इस तरह का कदम उठा सकते हैं। सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन बैंक ने कहा है कि उसने अपने एटीएम में 2,000 का नोट डालना बंद कर दिया है।

सूत्रों का कहना है कि 2,000 के नोट को तुड़ाना काफी मुश्किल होता है। ऐसे में बैंकों ने एटीएम में 2,000 का नोट डालना बंद कर दिया है।

केनिन फिर हारी, बार्टी की आसान जीत

दोहा। सोफिया केनिन को आस्ट्रेलियाई ओपन जीतने के बाद मंगलवार को यहां तीसरी हार का सामना करना पड़ा लेकिन विश्व की नंबर एक खिलाड़ी एशलीग बार्टी ने आसान जीत के साथ दोहा डब्ल्यूटीए टेनिस टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश किया। मेलबर्न में गर्बाइन मुगुरुजा को हराकर अपना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने वाली विश्व में नंबर पांच केनिन को उक्रेन की युवा खिलाड़ी दयाना यास्त्रेमस्का ने 6-3, 7-6 (7/4) से हराया। केनिन ने अमेरिका की फेड कप में लाटविया पर जीत के दौरान दो में से एक मैच गंवाया था। इसके बाद पिछले सप्ताह वह दुबई ओपन के पहले दौर में कजाखस्तान की इलेना रिबेकिना से हार गयी थी। यास्त्रेमस्का अगले दौर में स्पेन की मुगुरुजा से भिड़ेगी जिन्होंने आस्ट्रेलिया की आइला टोमोलजानोविच को 6-1, 6-2 से हराया। फ्रेंच ओपन चैंपियन बार्टी ने जर्मनी लॉरा सीगमंड को आसानी से 6-3, 6-2 से पराजित किया।

आज का राशिफल

मेषः आज आप जिस बात की आशंका कर रहे हैं वह बात नही होगी। यदि आप किसी वसूली पर जा रहे हैं तो वहां जाना सार्थक हो सकता है।

वृषभः आज आपके कंधे पर कुछ अतिरिक्त कार्यभार आ सकता है।

मिथुनः कुछ उत्तरदायित्व वाला काम आज आपको मिलने वाला होगा।

कर्कः एकाएक ही आवेश के वशीभूत होकर आप कभी कभी भारी गलती कर बैठते हैं।

सिंहः अपने चारों तरफ के वातावरण पर कड़ी नज़र रखनी होगी। आपको पता होना चाहिए कि आपके आस-पास क्या हो रहा है।

कन्याः कोई आपसे प्रेम प्रणय का हाथ बढ़ा रहा है तो अपना स्टेट्स देखकर ही उसका जवाब दें।

तुलाः यदि आप किसी उलझन में हैं या फिर किसी प्रेमीजन के किसी ऑफर से परेशान हैं तो आपको अपनी मजबूरी या असमर्थता साफ साफ जाहिर कर देना चाहिए।

वृश्चिकः यदि आप आज कोई नई नौकरी खोज रहे हैं या फिर नया कारोबार करना चाहते हैं तो अपने ही इर्द गिर्द लोगों की मदद लें।

धनुः आज आप अपने काम को निकालने में कुछ जल्दीबाजी करें। यदि आप ढीले रहे तो सभी महत्वपूर्ण कार्य और भी विलंब का शिकार हो सकते हैं।

मकरः आज आपके लिए किसी पुराने संकल्प को पूरा करने का दिन है।

कुंभः काफी अर्से बाद आपके रूटीन लाइफ मे बदलाव आ रहा है। यदि कोई नया ओहदा या पद आपको मिल रहा है आप उसे स्वीकार करें

मीनः आज आपको सज धजकर कहीं पर जाना पड़ सकता है या फिर किसी सभा समारोह के लिए तैयार होना पड़ सकता है।

अब फिल्मों में आ रही हैं कटरीना कैफ की हमशक्ल एलीना राय

इंटरनेट पर आजकल बॉलिवुड सिलेब्स के हमशक्ल छाए हुए हैं। बीते दिनों करीना कपूर, दीपिका पादुकोण और मलाइका अरोड़ा की हमशक्लों के चर्चे हो चुके हैं।

अब कटरीना कैफ की हमशक्ल एलीना राय एक बार फिर चर्चा में हैं। वजह है उनकी अपकमिंग फिल्म लखनऊ जंक्शन। एलीना राय सोशल मीडिया विडियो ऐप स्टार के रूप में काफी फेमस हैं। वह कटरीना के लुक्स रीक्रिएट करती हैं और इनकी तस्वीरें और विडियोज भी पोस्ट करती रहती हैं। एलीना लंदन की हैं और अब वह मुंबई में रहती हैं। वह सोशल मीडिया स्टार होने के साथ मॉडलिंग भी करती हैं। अगर आप रैपर बादशाह को सुनते हैं और उनका गाना कमाल है देखा है तो आपको एलीना जरूर याद आ जाएंगी।

जी हां, वह बादशाह के इस गाने में भी दिखाई दी हैं। एलीना फिटनेस को लेकर भी काफी सजग हैं। वह अपनी एक्सर्साइज की तस्वीरें और विडियोज भी सोशल मीडिया पर पोस्ट करती रहती हैं। एलीना के लुक्स कटरीना से काफी मिलते हैं सोशल मीडिया पर उनके फैंस उन्हें काफी पसंद भी करते हैं। बता दें कि एलीना एक फिल्म में भी नजर आएंगी। यह फिल्म उत्तर प्रदेश के लखनऊ में शूट हुई है। फिल्म का नाम है लखनऊ जंक्शन। एलीना रीसेंटली फिल्म के पोस्टर और सॉन्ग लॉन्च के लिए लखनऊ में थीं। यहां भी लोग उन्हें कटरीना समझकर धोखा खा गए।

कुली नं. 1: फिल्म की शूटिंग पूरी, वरुण धवन ने की जाहिर खुशी

वरुण धवन और सारा अली खान ने अपकमिंग फिल्म कुली नं. 1 की शूटिंग कर ली है। इसके बाद ऐसा लग रहा है कि पूरी कास्ट और क्रू मेंबर अब सेलिब्रेशन के मूड में हैं। कुछ तस्वीरें इंटरनेट पर वायरल हो रही हैं। वहीं, वरुण धवन ने अपने फैंस के लिए सोशल मीडिया रैप सेलिब्रेशन की झलक दिखाई है।

हाल ही में एक इंटरव्यू में, गोविंदा ने अपनी आइकॉनिक हिट फिल्म के रीमेक के लिए टीम को शुभकामनाएं दीं।

वरुण धवन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी एक तस्वीर शेयर की है। इसमें ऐक्टर को गोवा में ब्रेकफास्ट के लिए पैनकेक लेते देखा जा सकता है।

इस तस्वीर के साथ कैप्शन लिखा, पैनकेक शुक्रवार का नंबर एक ब्रेकफास्ट, कुली नंबर 1 की शूटिंग अभी पूरी की है। यह अब तक की सबसे फनी फिल्म है और इसलिए मैंने इस तरह सेलिब्रेट करना तय किया। रिपोर्ट्स के अनुसार, वरुण धवन और सारा अली खान अपनी फिल्म के रोमांटिक गाने के सीचेंस की शूटिंग के लिए गोवा गए थे। यहां पर शूटिंग के दौरान वरुण धवन को हल्की चोट भी आई थी। बताते चलें कि यह फिल्म डेविड धवन के डायरेक्शन में बनी कुली नं. 1 की रीमेक है। 1995 में आई कुली नं. 1 में गोविंदा और करिश्मा कपूर लीड रोल में थे।

आसान तरीके से बनाएं चमचम की मिठाई

सामग्री

पनीर 300 ग्राम
मैदा 2 चम्मच
हरी इलायची का पाउडर 2 चम्मच
चीनी डेढ़ कप
कंडेन्स्ड मिल्क 200 ग्राम
खाने वाला रंग (पीला) आधा चम्मच
पानी 4 कप
सजाने के लिए
कटा हुआ पिस्ता मुट्ठी भर

विधि

सबसे पहले एक पैन में 3 से 4 कप पानी को मध्यम आंच पर गर्म करें।

अब इसमें चीनी डालें और चीनी को पानी में पूरी तरह से घुलने दें।

जब चाशनी गाढ़ी हो जाए तो इसमें खाने वाला पीला रंग डाल दें।

ध्यान रखें कि चीनी की चाशनी बहुत ज्यादा गाढ़ी न हो। इसे थोड़ा पतला होना चाहिए। आंच को कम कर दें।

अब एक बर्तन में पनीर और मैदा को

मिक्स करें। अच्छी तरह से मिक्स करके ओवल शेप के छोटे-छोटे बॉल्स बना लें।

इन बॉल्स को हल्के हाथ से चीनी की चाशनी में डालें और कुछ देर के लिए धीमी आंच पर पकने दें। गैस बंद कर दें।

जब चाशनी ठंडी हो जाए तो चमचम को चाशनी से निकाल लें और प्लेट में अलग रख लें।

अब एक बर्तन में कंडेंस्ड मिल्क और इलायची पाउडर को अच्छी तरह से मिक्स करें। इसे चमचम के ऊपर अच्छी तरह से लगाएं।

कटे हुए पिस्ते के साथ सजाकर अपनी पसंद अनुसार ठंडा कर या नॉर्मल टेंपरेचर पर सर्व करें।

शब्द सामर्थ्य- 46

बाएं से दाएं :
1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सूनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गौरैया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. भैया की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संस्था 26. हत्या, कत्ल.

ऊपर से नीचे
1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 45 का हल

स्वा	द		सा	म	ना		कै	दी
व		ख	ल	ना	य	क		वा
लं	प	ट		ना	क	क	ट	ना
बी		प				ड़ी		प
	अ	ट	प	टा			शा	न
स	ह		यो			र	ति	
ह	म		द	र	ब	द	र	
म	क	र		सी	ल			
त		क्षा		द	वा	खा	ना	

सू-दोकू- 46

	7			4		3		
2			3			9		4
	6			2				
3		1			7		4	
	2			1			6	
8			9		4			1
		2		3		7		
1			7		2	4		3
	5	3		8			7	2

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.44 का हल

9	2	8	3	1	5	7	4	6
4	1	6	8	9	7	2	5	3
7	3	5	4	6	2	8	1	9
2	7	3	9	8	1	4	6	5
5	4	1	6	7	3	9	2	8
6	8	9	2	5	4	1	3	7
3	6	2	7	4	9	5	8	1
8	5	7	1	2	6	3	9	4
1	9	4	5	3	8	6	7	2